## प्रेस कान्फ्रेंस/सराहनीय कार्य दिनांक 27-02-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

**जनपदीय एस0ओ0जी0/सर्विलांस एवं थाना मोहाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शातिर गैंगेस्टर 50,000/- का ईनामिया अभियुक्त गुरुचरन को किया गया गिरफ्तार।**

थाना सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 18/22 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गुरुचरन पुत्र स्व0श्यामलाल निवासी डुमरियाडीह खटकिनपुरवा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा वांछित चल रहा था। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा ₹50,000/-का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के द्वारा एस0ओ0जी0/सर्विलांस व थाना मोहाना की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। जिसके क्रम में गठित टीम द्वारा अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशन में गठित टीम को आज दिनांक 27.02.2023 को प्रातः चिल्हिया मोड़, बर्डपुर थानाक्षेत्र मोहाना से अभियुक्त गुरुचरन उपरोक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुयी। इससे पूर्व अभियुक्त गुरुचरन उपरोक्त के गैंग के तीन अन्य सदस्यों को सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्तों द्वारा विभिन्न जनपदो में चोरी, टप्पेबाजी, डिक्की तोडकर रुपये निकालने की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

**बरामदगी का विवरण-**

**01-** एक अदद मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेंडर रजि सं0(UP43AF5440)।

**02-** दो अदद मोबाइल।

**03-** जामा तलाशी से प्राप्त ₹720 नकद।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01- गुरुचरन पुत्र स्व0श्यामलाल निवासी डुमरियाडीह खटकिनपुरवा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**गुरुचरन पुत्र स्व0श्यामलाल का आपराधिक इतिहास-**

01. मु0अ0सं0 129/2021 धारा 379,411भादवि0 थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
02. मु0अ0सं0 206/2021 धारा 379,411भादवि0 थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
03. मु0अ0सं0 258/2021 धारा 379,411,419,420,467,468,471,34 भादवि0 थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
04. मु0अ0सं0 233/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

05- मु0अ0सं0 329/2012 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।
06- मु0अ0सं0 843/2021 धारा 379 भादवि0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।
07- मु0अ0सं0 39/2022 धारा 379,411 भादवि0 थाना दही जनपद उन्नाव।
08- मु0अ0सं0 42/2022 धारा 8/2022 एनडीपीएस एक्ट थाना दही जनपद उन्नाव।
09- मु0अ0सं0 18/2022 धारा 3(1) य़ूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
10- मु0अ0सं0 233/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

**01-** जीवन त्रिपाठी थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर मय टीम।

**02-** उ0नि0 शेषनाथ यादव, प्रभारी एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।

**03-** उप-नि0 सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

**04-** मुख्य आरक्षी रमेश यादव, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**05-** मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**06-** मुख्य आरक्षी मृत्युंजय कुशवाहा, एस0ओ0जी जनपद सिद्धार्थनगर
**07-** मुख्य आरक्षी पवन तिवारी, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**08-** मुख्य आरक्षी अवनीश सिंह, एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**09-** आरक्षी धीरेन्द्र तिवारी एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
**10-** मुख्य आरक्षी विवेक मिश्र, सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।
**11-** आरक्षी अभिनन्दन सिंह, सर्विलांस टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 27.02.2023 थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर

**थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 27-02-2023 को ज्ञानेंद्र कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु के नेतृत्व में वाद संख्या 690/22 व 348/22 धारा 125(3) सीआरपीसी वसूली वारंट से सम्बंधित 01 नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01. इमरान पुत्र मो0 सलीम निवासी ग्राम बर्डपुर नंबर 8 टोला मोहनाजोत थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रमाकान्त सरोज थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
02.का0 राकेश खरवार थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट साईबर सेल सिद्धार्थनगर दिनांक 27-02-2023

**अमन जायसवाल के खाते से फ्राड हुए सम्पूर्ण धनराशि रूपये 1,24,500 को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस |**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल श्री सुबाष यादव व टीम साइबर सेल द्वारा श्री अमन जायसवल निवासी मो० रामनगर थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए श्री अमन जायसवल के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 1,24,500/- वापस कराये गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

शिकायतकर्ता श्री अमन जायसवल निवासी मो० रामनगर थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर ने Facebook पर Saintley Sonne India Pvt. Ltd नाम से पानी की बोतल बनाने वाली कम्पनी का विज्ञापन देख कर पानी का बोतल खरिदने के नाम पर कुल शनराशि रूपये 1,24,500/- का फ्रॉड हो गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी गई तथा दी गई शिकायत के आधार पर थाना सिद्धार्थनगर पर मु०अ ०सं० 179/22 धारा 406, 420 IPC पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक अमला यादव द्वारा

सम्पादित करते हुए, साइबर सेल टीम की मदद से कार्यवाही करते हुए दिनांक 25/02/2023 श्री अमन जायसवल के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 1,24,500/- वापस कराया गया | साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए श्री अमन जायसवल द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी |

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीमः-**

1- निरीक्षक सुबाष यादव, प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

2- उप निरीक्षक अमला यादव थाना सिद्धार्थनगर।

3- उप निरीक्षक हरीओम कुशवाहा, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

4- मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

5- आरक्षी अजय यादव साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

6- आरक्षी आशुतोष जायसवाल साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

7- आरक्षी राहुल मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

8- आरक्षी शिवम् मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनांक 27-02-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

### मार्ग दुर्घटना में घायल छात्रों को त्वरित सहायता प्रदान कर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपने स्कोर्ट वाहन से भेजा गया जिला अस्पताल। त्वरित उपचार से छात्रों की बचायी गयी जान।

आज दिनांक 27-02-2023 को स्वामी विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहजनवां बर्डपुर से दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर मोटरसाइकिल होण्डा साइन रजि0 सं0 (UP55AE6999) से सैयद अली पुत्र मो0 असलम, रितेश पुत्र रविन्द्र कुमार व रेहान पुत्र मेराज निवासीगण पुरानी नौगढ़ थाना व जनपद सिद्धार्थनगर तथा हीरो सुपर स्पलेंडर रजि.सं. (UP55C8432) पर सवार रिजवान जहीर पुत्र वालेदीन निवासी बर्डपुर नं.12 विशुनपुरवा थाना सिद्धार्थनगर पुरानी नौगढ़ की तरफ आ रहे थे कि ग्राम विशुनपुरवा निकट मधुबेनिया के पास समय करीब 11:30 बजे दोनों बाइको की आपस में टक्कर हो गयी। जिससे उक्त चारों छात्र घायल होकर रोड पर गिर पड़े। तत्समय अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर कपिलवस्तु की तरफ जा रह थे कि घटनास्थल पर पहुंच गये। छात्रों को घायल रोड पर पड़े देखकर तत्काल अपनी स्कोर्ट गाड़ी से जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर भिजवाया गया। जहां पर छात्रों का पुलिस की मौजूदगी में उपचार शुरु कराया गया। तत्काल उपचार से घायल छात्रों की जान बचायी जा सकी। दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल रिजवान का इलाज जारी है शेष अन्य तीनों छात्रों की स्थिती सामान्य है। घायलों के परिजन जिला अस्पताल में मौजूद है।

## प्रेस नोट दिनांक 27-02-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

**सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर द्वारा चलाये जा रहे लघु सामाजिक चेतना अभियान के अन्तर्गत सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं के दिया गया प्रमाण-पत्र, बालीबाल खेल प्रथियोगिता का भी किया गया समापन।**

सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर द्वारा चलाये जा रहे लघु सामाजिक चेतना अभियान के अन्तर्गत थानाक्षेत्र कपिलवस्तु के बजहां में पिछले एक माह से सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बार्डर क्षेत्र 08 गांवो की महिलाओं को संजीव रंजन जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व अमित कुमार आन्नद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभियान के तहत जनवरी माह से चल रही वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का भी आयोजन किया गया। वालीबाल प्रतियोगिता में भी सीमा क्षेत्र के गांवो के खिलाडियो द्वारा प्रतिभाग किया गया था, जिसमें विजेता टीम के साथ-साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान कर उनकी खेल प्रतिभा की सराहना कर भविष्य में जनपद व देश प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान रामकृष्ण डोगरा कार्यवाहक कमाण्डेंट 43वीं बटालियन एसएसबी. सिद्धार्थनगर, शक्ति सिंह उप कमाण्डेंट एसएसबी, जसवन्त कुमार सहायक कमाण्डेंट एसएसबी, ज्ञानेन्द्र राय प्रभारी निरीक्षक थाना कपिलवस्तु, चौकी प्रभारी बजहां सहित अन्य एसएसबी व पुलिस के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 27-02-2023 आपरेशन कवच जनपद सिद्धार्थनगर

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में आपरेशन कवच के अन्तर्गत सीमा सुरक्षा बल व सिद्धार्थनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कपिलवस्तु के बजहां बार्डर पर किया गया फुट पेट्रोलिंग।**

आज दिनांक 27-02-2023 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल 43वीं वाहिनी के जवानों व सिद्धार्थनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आपरेशन कवच के तहत क्रास बार्डर अपराधियों पर प्रभावी अंकुश व आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा के एसएसबी चौकी बजहां से बजहां सागर तक फुट पेट्रोलिंग किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, रामकृष्ण डोगरा कार्यवाहक कमाण्डेंट 43वीं बटालियन एसएसबी., शक्ति सिंह उप कमाण्डेंट एसएसबी, जसवन्त कुमार सहायक कमाण्डेंट एसएसबी, ज्ञानेन्द्र राय प्रभारी निरीक्षक थाना कपिलवस्तु, चौकी प्रभारी बजहां सहित अन्य एसएसबी व पुलिस के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## **प्रेस नोट दिनांक 27-02-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।**

'आपरेशन क्लीन' के अन्तर्गत थाना मिश्रौलिया पर मुकदमों से सम्बन्धित कुल 12 वाहनों की नीलामी कराकर मय GST कुल ₹ 1,32,160/- के राजस्व की प्राप्ति।

सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा अब तक कुल 727 वाहनों की नीलामी कर ₹ 1,05,81,700/- राजस्व प्राप्त किया गया।

प्रायः थाना परिसर व परिसर के बाहर बेतरतीब तथा बेहिसाब संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं। इन वाहनों से थाने की काफी अधिक भूमि व्यर्थ हो जाती है व दैनिक थाना कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिले के सभी थानों के भ्रमण के दौरान पाया गया कि थाना परिसर में लम्बे समय से काफी संख्या में लावारिस, मालमुकदमाती व एम0वी0 एक्ट में सीजशुदा वाहन खड़े हैं। जो धूप, गर्मी, बरसात की वजह से जंग लगकर धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। जिस कारण से न्यायिक प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न होता है साथ ही राष्ट्रीय सम्पत्ति की हानि हो रही है। वाहनों के क्षरण के कारण थाना परिसर में रहने व आने-जाने वालो व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की सम्भावना बनी रहती है। थाना परिसर में लम्बे समय से खड़े वाहनों के सम्बन्ध में समय-समय पर न्यायालय द्वारा निर्देश दिये गये है।

मा0 उच्चतम न्यायालय में स्पेशल लीव पिटीशन (क्रिमिनल) सं0 2745/2002 सुन्दर भाई अम्बालाल देसाई बनाम गुजरात राज्य में प्रदत्त व्यवस्था के क्रम में थाने में खड़े वाहनों के निस्तारण हेतु अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाने पर खड़े माल मुकदमाती व अन्य वाहनों के निस्तारण हेतु जनपद सिद्धार्थनगर में 'आपरेशन क्लीन' 14 जुलाई 2022 से प्रारम्भ किया गया। 'आपरेशन क्लीन' के अन्तर्गत सभी थानों को चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य दिया गया। सक्षम न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 'आपरेशन क्लीन' के अन्तर्गत कार्यवाही प्रचलित है |

आज दिनांक 27-02-2023 को विकास कश्यप उप जिलाधिकारी इटवा, हरीश चंद्र, क्षेत्राधिकारी सर्किल इटवा, बृजेश कुमार आर0आई0 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थनगर की गठित कमेटी द्वारा थाना मिश्रौलिया में लम्बित माल मुकदमाती, एमवीएक्ट से सम्बन्धित सीज शुदा कुल 12 दोपहिया वाहन (माल मुकदमाती-06, एम0वी0 एक्ट में सीज -06) की नीलामी थाना मिश्रौलिया परिसर में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी। जिससे कुल नीलामी की धनराशि मय GST कुल ₹ 1,32,160/- का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।

पूर्व में थाना शोहरतगढ़ से 98 वाहन, ढ़ेबरुआ से 94 वाहन, डुमरियागंज से 93 वाहन, थाना इटवा से 72 वाहन, चिल्हिया से 45 वाहन, थाना मोहाना से 44 वाहन, थाना त्रिलोकपुर से 40 वाहन, थाना बांसी से 39 वाहन, पथरा बाजार से 28 वाहन, थाना कपिलवस्तु से 26 वाहन, थान लोटन से 25 वाहन, थाना सिद्धार्थनगर से 24 वाहन, थाना गोल्हौरा से 24 वाहन, थाना उसका बाजार से 21 वाहन, थाना भवानीगंज से 14 वाहन, खेसरहा से 13 वाहन, जोगिया उदयपुर से 09 वाहन, मिश्रौलिया से 04 वाहन, शिवनगर डिड़ई से 02 वाहनों की नीलामी करायी जा चुकी है। अब तक कुल 727 वाहनों की नीलामी से कुल ₹ 1,05,81,700/- राजस्व की प्राप्ति हुई है।